दिनांक: 09.07.2024
समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार का लक्ष्य अपने तीसरे कार्यकाल में भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना है। आज मॉस्को में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि वर्तमान में भारत जो भी लक्ष्य निर्धारित करता है, वो हासिल कर लेता है। उन्होंने कहा कि तीसरी बार सरकार गठन के बाद प्रवासी भारतीय समुदाय के साथ यह उनकी पहली बातचीत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने प्रतिज्ञा ली है कि वे तीन गुना ज्यादा ताकत और तीन गुना ज्यादा गति के साथ काम करेंगे।

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण – ट्राई ने प्रसारण और केबल सेवाओं तथा रिलीज के लिए नियामक ढांचे में संशोधन को अधिसूचित किया है। ट्राई ने 200 चैनलों के लिए 130 रुपये और 200 से अधिक चैनलों के लिए 160 रुपये की नेटवर्क क्षमता शुल्क सीमा हटा दी है। शुल्क अब बाजार द्वारा संचालित किया जाएगा। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए नियामक ने कहा है कि सभी शुल्कों को सेवा प्रदाताओं द्वारा अनिवार्य रूप से प्रकाशित किया जाना चाहिए और उपभोक्ताओं को इसकी जानकारी दी जानी चाहिए। इन संशोधनों का प्राथमिक उद्देश्य प्रसारण क्षेत्र के विकास को सुविधाजनक बनाना और नियामक प्रावधानों को सरल बनाकर व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देना शामिल है।

प्रदेश में पांच जिलों और 27 उपखंडों में चलाये जा रहे सम्पूर्णता अभियान के तहत जैसलमेर के थईयात में जागरुकता रैली निकाली गयी। राजकीय माध्यमिक विद्यालय से शुरू हुई इस रैली में विद्यार्थियों के साथ–साथ शिक्षकों और ग्रामीणों ने भाग लिया। रैली के माध्यम से शिक्षा के महत्व और ड्रॉप आउट की समस्याओं पर जागरुकता का संदेश दिया गया।

जैसलमेर में डेंगू की रोकथाम के लिए चलाए जा रहा अभियान 31 जुलाई तक चलेगा। मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एल. बुनकर ने बताया कि जिले में एक जुलाई से डेंगू रोकथाम माह मनाया जा रहा है। इस दौरान व्यापक गतिविधियां हो रही हैं। स्वास्थ्य विभाग के दल शहरी क्षेत्र में एन्टी लार्वा गतिविधियों के साथ ही सर्वे कर रहे हैं। उधर, पाली जिले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ नर्सिंगकर्मी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में डोर टू डोर सर्वे कर मौसमी बीमारियों की रोकथाम को लेकर जनता को जागरूक कर रहे हैं। सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल ने बताया की एन्टीलार्वा गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। ये अभियान 2 सितम्बर तक चलेगा।

अलवर के हरसौरा गांव में सड़क हादसे में एक महिला सहित दो लोगों की मौत हो गयी। ये दुर्घटना कार और मोटरसाइकिल की टक्कर में हुई। मोटसाइकिल सवार ये दोनों लोग माजरा गांव के रहने वाले थे।

वहीं एक अन्य हादसे में भरतपुर में गहनोली मोड के पास दो ट्रकों की आमने सामने की टक्कर में दोनों ड्राइवरों की मृत्यु हो गयी। दोनों ही मध्यप्रदेश के रहने वाले थे।

राज्य में पिछले 24 घंटों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई। वहीं जयपुर और सवाईमाधोपुर जिलों में कहीं–कहीं भारी वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा 9 सेंटीमीटर पानी जयपुर के कालवाड़ में बरसा। सवाईमाधोपुर के मलारना में साढे 8 और चौथ का बरवाड़ा में 7 सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई। विभाग के अनुसार आज भी प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में बारिश का पूर्वानुमान है।

जयपुर शहर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करने वाली 30 से अधिक संस्थाओं को जयपुर हेरिटेज नगर निगम ने सम्मानित किया है। निगम के आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया कि शहर को साफ रखने में सामाजिक संगठन और गैर सरकारी संस्थाएं भी अहम भूमिका निभा रही हैं। इन संस्थाओं को 'स्वच्छता चैम्पियंस' के खिताब से नवाजा गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य उपायुक्त सोहन सिंह नरूका ने प्लास्टिक के उपयोग से बचने की अपील की। इस अवसर पर हेरिटेज निगम की ब्राण्ड एम्बेसडर सहित निगम के विभिन्न अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।